# मुज़फ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुज़फ्फरनगर

पत्रांकः 143/2011 /चार (भ0 नियंत्रण) 20 दिनांक 19.10.2011

श्री / श्रीमती / मै0 मैसर्स ग्रासिका बालाजी कन्सोर्टियम
बी-7, सैक्टर-36, नोयडा

आपके पत्र दिनांक 08/4/2011 मानचित्र सं0 143/2011 के सन्दर्भ में आपके प्रस्तावित तलपट मानचित्र (इन्डस्ट्रियल टाउनशिप) भवन निर्माण की मोहल्ला / कॉलोनी / ग्राम बिरालसी-ओंकारपुर भूखण्ड / भवन सं0 ४ पर निम्नलिखित शर्तों के साथ अनुमति प्रदान की जाती है। स्वीकृत मानचित्र सलंग्न है।

1. यह मानचित्र अनुमति दिनांक से केवल पांच वर्ष तक वैध है।
2. मानचित्र की स्वीकृति से किसी भी शासकीय विभाग, स्थानीय निकाय अथवा किसी व्यक्ति के स्वत्व एवं स्वामित्व पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नही होगा।
3. जिस प्रयोजन के लिए निर्माण की अनुमति दी जा रही है भवन उसी प्रयोग में लाया जायेगा। विपरीत प्रयोग उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 26 के अधीन दण्डनीय है।
4. उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम की धारा 35 के अन्तर्गत यदि भविषय में सुधार कार्य हेतु कोई सुधार व्यय मांगा जायेगा तो बिना किसी आपत्ति के देय होगा।
5. जो क्षेत्र भूमि विकास कार्य में उपयुक्त नही होगा वहां प्राधिकरण अथवा किसी स्थानीय निकाय को विकास कार्य करने की जिम्मेदारी नही होगी।
6. स्वीकृत मानचित्र का सैट निर्माण स्थल पर रखना होगा ताकि मौके पर कभी भी जांच की जा सके तथा निर्माण कार्य स्वीकृत मानचित्र के अनुसार कराया जायेगा।
7. आप भवन उप नियमों के नियम 21 के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र पर कार्य आरम्भ करने की सूचना देंगे।
8. निर्माण की अवधि में यदि स्वीकृत मानचित्र के विरूद्ध यदि कोई परिवर्तन आवश्यक है तो उसकी पूर्व अनुमति प्राप्त करने के बाद ही परिवर्तन किया जायेगा।
9. निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर एक माह की अवधि के भीतर भवन उप–नियमों प्रपत्र पर निर्माण पूरा होने का प्रमाण / पत्र प्राप्त करेंगे।
10. प्राधिकरण के अध्यासन (औकूपेन्सी) प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के उपरान्त ही भवन को अध्यासित (ओकूयपायी) करेंगे।
11- मानचित्र में अंकित 01 से 17 तक सभी शर्तों का पालन करना होगा।

इनमें से किसी भी शर्त का उल्लंघन उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम की धारा 26 के अधीन दण्डनीय अपराध होगा।

12- नियमानुसार वृक्षारोपण करना होगा।

संलग्नक :– स्वीकृत मानचित्र की प्रति।

प्रतिलिपि :– अवर अभियन्ता श्री धर्मवीर सिंह को प्रेषित।

उपाध्यक्ष महोदय की स्वीकृति दिनांक 5-9-16 के अनुपालन में दिनांक 19-10-16 से दिनांक 18-10-19 (3 वर्ष) के लिए नवीनीकरण किया जाता है।

09-09-2016

प्रभारी अधिकारी
मु0 वि0 प्रा0

प्रभारी अधिकारी / सचिव / उपाध्यक्ष
मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकारण
मुजफ्फरनगर